**प्रेस वार्ता**

**बिहार पुलिस मुख्यालय**

**दिनांक–29.09.2023 (सं0–422)**

**बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाडा/सेटिंग कराकर परीक्षा पास कराने का झांसा देने वाले गिरोहों के विरुद्ध कार्रवाई....बेगूसराय, सहरसा तथा सारण 08 अभियुक्तों की गिरफ्तारी**

जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि बिहार पुलिस में **बड़े पैमाने पर सिपाही पद पर 21,391 की संख्या में भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है तथा 1288 पुलिस अवर निरीक्षक के पदों** पर नियुक्ति किये जाने हेतु अधियाचना बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है।

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों **की लिखित परीक्षा दिनांक 01.10.2023 (रविवार), दिनांक 07.10.2023 (शनिवार) तथा दिनांक 15.10.2023 (रविवार) को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 मध्याह्न तक** एवं **द्वितीय पाली 15.00 बजे अपराह्न से 17.00 बजे अपराह्न तक** निर्धारित है। **प्रथम पाली के लिये अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाइम 08.00 बजे पूर्वाह्न है** तथा **द्वितीय पाली के लिये 13.00 बजे अपराह्न है।**

कदाचार रहित परीक्षा हेतु राज्य के **37 जिलों में (गया को छोड़कर) 529 परीक्षा केन्द्रों पर जैमर का अधिष्ठापन किया गया है।** साथ ही परीक्षा में **सम्मिलित अभ्यर्थियों की फोटो एवं बायोमैट्रीक लेने की व्यवस्था** की गयी है।

जहाँ एक तरफ राज्य के योग्य युवाओं को पुलिस विभाग में सेवा हेतु कार्रवाई प्रारम्भ की गई है वहीं दूसरी तरफ ऐसे **असमाजिक तत्व तथा फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह भी सक्रिय हो गये हैं** जिनका एकमात्र उद्देश्य अराजक तरीके से परीक्षार्थियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपये ऐंठना है। **बिहार पुलिस की ऐसे गिरोहों पर ठोस दृष्टि** कार्रवाई करते हुए **बेगूसराय, सहरसा तथा सारण में तीन गिरोहों का पर्दाफाश** करते हुए **उनके 08 सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है**। इनके पास से बड़े पैमाने पर परीक्षा में **नकल कराने के उद्देश्य से एकत्रित किए गए उपकरणों को बरामद तथा जप्त किया गया है।**

1. **बेगूसराय जिला के छौडाही ओ0पी0 अन्तर्गत**

- **दिनांक 28.09.23 को** आसूचना मिली कि **बेगूसराय जिला के छौड़ाही ओ0पी0 अन्तर्गत** सुनील कुमार तथा विवेक सिंह नाम के दो व्यक्तियों के द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर **दिनांक 01.10.2023 को होनेवाली सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल/फर्जीवाड़ा कराने की तैयारी हेतु एक मीटिंग की जा रही है। ये दोनों व्यक्ति इण्डियन फिजिकल एकेडमी नाम का कोचिंग शेखाटोला एकम्बा छौड़ाही में चलाते हैं।**
- आसूचना के आलोक में बेगूसराय जिला पुलिस की एक विशेष टीम के द्वारा छापेमारी की गई तथा **05 अपराधियों** को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।
- उनके घर की विधिवत तलाशी लेने पर **नकद 1,95,000/–रु0, पेन ड्राइव 01, मोबाइल 06, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना द्वारा जारी परीक्षा प्रवेश पत्र 136 तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद/जप्त किए गएँ।**
- इनकी निशानदेही पर विवेक कुमार साकिन एकम्बा छौड़ाही के यहाँ छापेमारी करने पर और भी कई इलेक्ट्रिॉनिक उपकरण, परीक्षा फॉर्म से संबंधित दस्तावेज बरामद तथा जप्त किया गया।

- इस संबंध में खोदावंदपुर (छौड़ाही) थाना कांड सं0–274/23 दिनांक 28.09.23 धारा–419/420/468/471/120बी0/34 भा0द0वि0।

2. <u>सहरसा जिला के सदर थानान्तर्गत</u>

- <u>**सहरसा जिला के सदर थानान्तर्गत**</u> गुप्त सूचना मिली कि सूरज कुमार नाम का व्यक्ति जो खगड़िया का रहने वाला है तथा सहरसा नगर थाना अन्तर्गत बटराहा में किराये के मकान में रहता है, **सिपाही भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रिॉनिक उपकरण माध्यम से नकल करवा कर पास करवाने के लिए परीक्षार्थियों से पैसे ले रहा है।**
- इस सूचना पर पुलिस के द्वारा बटराहा के एक मकान में छापामारी करने पर **03 व्यक्तियों** को गिरफ्तार किया गया।
- घर की **तलाशी लेने पर कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल, परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड कि छायाप्रति, 85,000रु0 तथा अन्य सामान बरामद कर विधिवत जप्त किया गया।**

3. <u>सारण जिले के खैरा थानान्तर्गत</u>

- <u>**दिनांक 28.09.23**</u> **को** आसूचना मिली कि <u>**सारण जिले के खैरा थानान्तर्गत**</u> खुदाईबाग स्थित पानी टंकी के पास काला रंग के फॉर्च्यूनर गाड़ी से कुछ अज्ञात व्यक्ति आगामी बिहार पुलिस परीक्षा में **छपरा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सेटिंग कराने एवं अवैध काम करने के लिये इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं अन्य सामान के साथ इकट्ठा हुए हैं।**
- आसूचना के आलोक में सारण जिला पुलिस की एक विशेष टीम जब खुदाईबाग स्थित पानी टंकी के पास पहुँची तो कुछ व्यक्ति पुलिस दल को देखकर भाग गयें। उस स्थल से **फॉर्च्यूनर वाहन–01, कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, हॉकी स्टिक–04 एवं अन्य डिवाइस तथा अन्य संदिग्ध कागजात बरामद किए गए।** बरामद वस्तुओं तथा कागजातों को विधिवत् जप्त करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।
- इस संबंध में खैरा थाना कांड सं0–359/23 दिनांक 28.09.2023 धारा–419/420/467/468/120बी0/414 भा0द0वि0 एवं 66(डी) आई0टी0एक्ट तथा 3 बिहार एक्जामिनेशन कंडक्ट एक्ट दर्ज कर इस गिरोह में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

हम आपके माध्यम से सभी परीक्षार्थियों को स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि **बिहार पुलिस द्वारा भर्ती हेतु होने वाली परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष तथा कदाचार मुक्त संचालन की तैयारी कर ली गई है। परीक्षार्थी ऐसे किसी गिरोह के झांसे में नहीं आयें।** ऐसे कार्यो में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई तो की जायेगी हीं साथ ही साथ इनका सहयोग लेने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जायेगी।

ऐसे अभ्यर्थी जिनके परीक्षा प्रवेश पत्र इन गिरोहों के पास प्राप्त हुए हैं उनके विषय में भी छानबीन की जायेगी, प्राप्त मोबाइल नम्बरों का विश्लेषण किया जायेगा। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**सभी अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील है कि वे दलालों/फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोहों के छलावे में नहीं आयें अन्यथा वे निश्चित ठगे जायेंगे और कानून के दायरे में आ जायेंगे।**

सभी अभ्यर्थी अपनी मेहनत और अपनी तैयारी पर पूर्ण विश्वास रखें। निराश नहीं हों शीघ्र ही लगभग नये 24269 विभिन्न पदों पर बहाली की प्रकिया प्रारम्भ की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

XXXXX